# सांई चरण | By Alka Ngi

साईं चरण शरण मिले प्यारे निकल पड़े
हिंदू मुसलमान सिख इसाई सारे निकल पड़े
साईं चरण शरण मिले......

रूठे जहां तो गम नहीं साईं कृपा जो साथ है
छूटे जहां सर पर जो साईं हाथ है
सुनते ही नाम साईं का अरमान मचल पड़े
साईं चरण शरण मिले......

साईं कृपा जिसको मिले कीचड़ में वह कमल खिले
साईं की राह जो चले साईं कृपा उसे मिले
झुक जाए सर जिस राह पर साईं चल पड़े
साईं चरण शरण मिले......

साईं हजार नाम है साईं है कृष्ण राम है
शिर्डी ही चारों धाम है शिर्डी बड़ा महान है
साईं का नाम सुबह शाम गिरते संभल पड़े
साईं चरण शरण मिले......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%88-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3-by-alka-ngi/